# हीरो, एवन व वैप ग्रुप करेंगे तीन हजार करोड़ का निवेश

## हीरो ग्रुप के पंकज मुंजाल, एवन साइकिल के ओमकार सिंह पाहवा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में फरवरी में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भारतीय उद्योग समूह भी खासा उत्साहित है। हीरो, एवन जैसे देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों के प्रमुखों सहित अन्य उद्यमियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर करीब तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया। यूपी सरकार की औद्योगिक नीतियों और निवेश के अनुकूल वातावरण से प्रभावित उद्यमियों ने प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर मुख्यमंत्री से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से बातचीत में 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की जानकारी साझा की। कहा, इस समिट के माध्यम से हमारा प्रयास राज्य की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है। आइटी, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लाजिस्टिक, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार कर औद्योगिक विकास के अनुकूल ईको सिस्टम बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के समक्ष एवन साइकिल ग्रुप ने 500 करोड़ रुपये, हीरो ग्रुप ने 350 करोड़, वैप ग्रुप से 2000 करोड़ और सूर्यांश ग्रुप ने 100 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा। निवेश प्रस्तावों पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने निवेशकों की सुरक्षा एवं आवश्यकताओं की पूर्ति करने का आश्वासन दिया।

अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद के सहयोग से हुई बैठक में हीरो साइकिल के सीएमडी पंकज मुंजाल, एवन साइकिल के सीएमडी ओमकार सिंह पाहवा, वैप ग्रुप के सीएमडी और सीईओ अमित शर्मा, बायलर ग्रुप के टी आर मिश्रा, सूर्यांश ग्रुप के सुनील सिंह पटेल, ईएसडी डिजिटल ग्रुप के सीएम तिवारी सहित अन्य उद्योगपति उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके आवास पर भारतीय उद्योगपतियों के समूह ने शिष्टाचार भेंट की • सूचना विभाग

## विदेश दौरे में मिली सफलता को योगी से साझा करेंगे मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए विदेशी निवेश आकर्षित करने की योगी सरकार के मंत्रियों की कोशिशें पहले ही विदेश दौरे में परिणाम देने में काफी सफल रही है। विभिन्न देशों में औद्योगिक समूहों से हुए कई बड़े निवेश करार कर वापस लौटे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित अन्य मंत्री निवेश के मोर्चा पर हासिल सफलता को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से साझा करेंगे। लोक भवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में होने वाली अहम बैठक में मंत्रियों द्वारा विदेश दौरे से जुड़ी प्रस्तुति दी जाएगी। विभिन्न देशों में टीम योगी का रोड शो नौ दिसंबर से शुरू हुआ था। नौ दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कनाडा में रोड शो व वन टू वन बिजनेस मीटिंग की थी। 19 दिसंबर को फ्रांस के पेरिस में निवेशकों के साथ हुई उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य की बातचीत के साथ ही कार्यक्रम समाप्त हुआ।

### कैबिनेट की बैठक आज

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार शाम चार बजे लोक भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित अहम प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। बैठक में सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री भाग लेंगे।**

# 'अविरल–निर्मल गंगा का संकल्प कुंभ 2025 से पहले होगा पूरा'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में वर्ष 2025 में होने वाले कुंभ से पहले अविरल व निर्मल गंगा का संकल्प पूरा हो जाएगा। उन्होंने बुधवार को 'नमामि गंगे परियोजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अत्यंत संतोषजनक परिणाम देखने को मिले हैं। गंगा व सहायक नदियों की स्वच्छता के इस अभियान में केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों में जनसहयोग भी प्राप्त हो रहा है। इसी का परिणाम है कि आज गंगा में डाल्फिन की वापसी हुई है।

लोकभवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर के जाजमऊ और सीसामऊ में गंगाजी में गंदा पानी गिरने से रोकने के लिए प्रभावी प्रयास किए गए। आज यह सेल्फी प्वाइंट बन गया है। नदियों को सीवरेज की गंदगी से बचाने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए जाने की कार्यवाही तेज की जाए। गंगा सहित सभी नदियों की अविरलता, निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए और प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'अर्थ गंगा' अभियान का सर्वाधिक लाभ उन करोड़ों लोगों को होगा जिनकी आजीविका गंगा पर ही निर्भर है। 'अर्थ गंगा' से सकल घरेलू उत्पाद में तीन प्रतिशत का योगदान होने के लक्ष्य के साथ ठोस प्रयास करना होगा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2019 में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक कानपुर में हुई थी। अब दूसरी बैठक 30 दिसंबर को होनी है। इसकी तैयारी समय से पूरी कर ली जाए। सीएम ने कहा, नदी संस्कृति के प्रति व्यापक जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

### एडवेंचर व वाटर स्पोर्ट्स टूरिज्म में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा के किनारे अनेक तीर्थ क्षेत्र, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व के स्थल और असीम प्राकृतिक सुंदरता है। इन क्षेत्रों में एडवेंचर टूरिज्म, वाटर स्पोर्ट्स टूरिज्म की अपार संभावना है। रिवर क्रूज टूरिज्म, वाटर स्पोर्ट्स व कैंपिंग सुविधाओं के साथ वन्य जीव पर्यटन के माडल को विकसित करना चाहिए।

### गंगा नर्सरी की जाए विकसित

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों, भूतपूर्व सैनिकों आदि के सहयोग से गंगा नर्सरी विकसित करने के प्रयास किए जाएं। यह 'गंगा उत्पाद' गंगा किनारे के लोगों के लिए आय के स्थाई साधन बन सकते हैं। नमामि गंगे के अनुभवों से सीख लेते हुए नदी किनारे बसे शहरों की योजना बनाने में नई नदी केंद्रित सोच की जरूरत है।